# केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 22 अगस्त 2025 को लखनऊ में आयोजित छह सौ अठारहवीं (618वीं) बैठक का कार्यवृत्त

## उपस्थित

### गवर्नर

संजय मल्होत्रा: अध्यक्ष

### उप गवर्नर

| | |
|---|---|
| एम. राजेश्वर राव | टी. रबी शंकर |
| स्वामीनाथन जे. | पूनम गुप्ता |

### निदेशक

| | |
|---|---|
| नागराजू मद्दिराला | अनुराधा ठाकुर |
| सतीश के. मराठे | रेवती अय्यर |
| सचिन चतुर्वेदी | आनंद गोपाल महिंद्रा |
| पंकज रमणभाई पटेल | रवीन्द्र एच. धोलकिया |

### उपस्थित आमंत्रित - कार्यपालक निदेशक

| | |
|---|---|
| विवेक दीप | रोहित जैन |
| राधा श्याम रथ | अजय कुमार |
| राजीव रंजन | नीरज निगम |
| पी. वासुदेवन | आर. लक्ष्मी कांत राव |
| अर्णब कुमार चौधरी | चारूलता एस. कर |
| अविरल जैन | ए.आर. जोशी |
| इन्द्रनील भट्टाचार्य | आर. केशवन |

सुधा बालकृष्णन

### उपस्थित

वाई. जयकुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव

**केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 22 अगस्त 2025 को लखनऊ में आयोजित छह सौ अठारहवीं (618वीं) बैठक का कार्यवृत्त**

गवर्नर ने बैठक में सहभागियों का स्वागत किया और आर्थिक मामलों के विभाग की सचिव सुश्री अनुराधा ठाकुर का विशेष स्वागत किया, जो 24 जुलाई 2025 से केंद्रीय बोर्ड में निदेशक के रूप में नामांकन के बाद केंद्रीय बोर्ड की अपनी पहली बैठक में भाग ले रही थीं। गवर्नर ने कार्यपालक निदेशक श्री आर. केशवन का भी विशेष स्वागत किया, जो कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नति के बाद अपनी पहली बैठक में भाग ले रहे थे।

2. तदुपरांत, बैठक की कार्यसूची पर चर्चा आरंभ की गई।

(i) बैठक की कांर्यसूची अनुलग्नक - I में है।

(ii) बैठक के कार्रवाई बिंदु अनुलग्नक - II में हैं।

**3. केंद्रीय बोर्ड की 23 मई 2025 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

3.1 केंद्रीय बोर्ड की 23 मई 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित और अभिलिखित किया गया।

3.2 अध्यक्ष ने कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर किए।

**4. केंद्रीय बोर्ड की 06 जून 2025 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

4.1 केंद्रीय बोर्ड की 06 जून 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित और अभिलिखित किया गया।

4.2 अध्यक्ष ने कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर किए।

**5. निदेशकों को अनुपस्थिति की अनुमति**

5.1 बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड के निदेशक श्री एस. गुरुमूर्ति और श्री वेणु श्रीनिवासन से प्राप्त अनुपस्थित रहने की अनुमति संबंधी अनुरोध पर विचार किया और उन्हें स्वीकृत किया।

**6. भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक श्री अजय सेठ की सेवाओं की सराहना**

6.1 बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक श्री अजय सेठ की सेवाओं की सराहना पर कार्यपालक निदेशक के 20 अगस्त 2025 के ज्ञापन पर विचार किया।

6.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड 24 अप्रैल 2021 से 23 जुलाई 2025 तक भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान श्री अजय सेठ द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए अत्यंत सराहना करता है।

श्री सेठ ने लोक वित्त, समष्टि आर्थिक प्रबंधन, बाह्य क्षेत्र स्थिरता, कराधान और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी व्यापक विशेषज्ञता से बोर्ड के विचार-विमर्श को समृद्ध बनाया।

केंद्रीय निदेशक बोर्ड को श्री सेठ के सरकारी अनुभव और कुछ जटिल मुद्दों पर उनके द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य अंतर्दृष्टि से अत्यधिक लाभ हुआ है। बोर्ड, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अध्यक्ष के रूप में नई भूमिका सहित, भविष्य के सभी प्रयासों में उनकी निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ देता है। बोर्ड आने वाले वर्षों में उनके उत्तम स्वास्थ्य और प्रसन्नता की भी कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि बोर्ड के उपर्युक्त संकल्प को सचिव द्वारा पूर्व निदेशक को सूचित किया जाए।

**7. केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना**

7.1 निदेशकों के बीच पहले से परिचालित, केंद्रीय बोर्ड समिति की 07 मई 2025 और 06 अगस्त 2025 के बीच आयोजित बैठकों के कार्य विवरण बोर्ड को प्रस्तुत किए गए और अभिलिखित किए गए।

**8. दिनांक 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह का भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण**

8.1 दिनांक 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह का बैंक का साप्ताहिक लेखा केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

8.2 बोर्ड ने लेखा अनुमोदित किया।

**9. साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (डबल्यूएफ़सीआर)**

9.1 बोर्ड ने सप्ताह के दौरान वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से उत्पन्न चुनौतियों और साप्ताहिक वित्तीय और वाणिज्यिक रिपोर्ट (डब्ल्यूएफसीआर) में दर्शाए गए आउटलूक के जोखिमों सहित वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता की समीक्षा और चर्चा की। बोर्ड ने हाल ही में सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार और जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने संबंधी घोषणाओं के घरेलू अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार-विमर्श किया। बोर्ड ने अमेरिका के हालिया टैरिफ उपायों के भारत के निर्यात, मुद्रास्फीति, रोजगार आदि पर संभावित प्रभाव और नीति निर्माताओं के लिए इनसे उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया। बोर्ड ने रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण और इस संबंध में यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण पर भी विचार-विमर्श किया।

9.2 रिपोर्ट को अभिलिखित किया गया।

**10. धारा 45जेडबी(2)(सी) के तहत मौद्रिक नीति समिति में कार्यपालक निदेशक श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य का नामांकन**

10.1 बोर्ड ने धारा 45जेडबी(2)(सी) के तहत मौद्रिक नीति समिति में कार्यपालक निदेशक श्री

इंद्रनील भट्टाचार्य के नामांकन पर उप गवर्नर के 13 अगस्त 2025 के ज्ञापन पर विचार किया। श्री इंद्रनील भट्टाचार्य ने कार्यसूची के इस मद पर चर्चा के दौरान बैठक से स्वयं को अलग कर लिया।

10.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

संकल्प पारित किया गया

कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45जेडबी(2) के खंड (सी) के तहत मौद्रिक नीति समिति में श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक के पदेन सदस्य के रूप में नामांकन से संबंधित उप गवर्नर के 13 अगस्त 2025 के ज्ञापन को नोट किया जाए और इसे इसके द्वारा नोट किया जाता है एवं उसमें निहित प्रस्तावों को अनुमोदित किया जाता है।

**11. केंद्रीय बोर्ड की लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंध उप-समिति (एआरएमएस) के चार्टर की समीक्षा**

11.1 बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड की लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंध उप-समिति (एआरएमएस) के चार्टर की समीक्षा संबंधी कार्यपालक निदेशक के 14 अगस्त 2025 के ज्ञापन पर विचार किया।

11.2 बोर्ड ने निम्निलिखित संकल्प पारित किया:

संकल्प पारित किया गया

कि केंद्रीय बोर्ड की लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंध उप-समिति (एआरएमएस) के संशोधित चार्टर से संबंधित प्रस्ताव को अनुमोदित किया जाए और इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

[redacted]

[redacted]

[redacted]

13. भुगतान विनियामक बोर्ड का गठन - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 3 (3) (सी) के तहत नामांकन

13.1 बोर्ड ने भुगतान विनियामक बोर्ड का गठन - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 3 (3) (सी) के तहत नामांकन पर उप गवर्नर के 6 अगस्त 2025 के ज्ञापन पर विचार किया। भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग (डीपीएसएस) के प्रभारी श्री विवेक दीप, कार्यपालक निदेशक ने कार्यसूची के इस मद पर चर्चा के दौरान बैठक से स्वयं को अलग कर लिया।

13.2 बोर्ड ने डीपीएसएस के प्रभारी कार्यपालक निदेशक को भुगतान विनियामक बोर्ड के पदेन सदस्य के रूप में नामित करने के प्रस्ताव पर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

संकल्प पारित किया गया

कि भुगतान विनियामक बोर्ड का गठन - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 3 (3) (सी) के तहत नामांकन से संबंधित उप गवर्नर के 6 अगस्त 2025 के ज्ञापन को अनुमोदित किया जाए और इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

## 14. अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विभिन्न केंद्रीय कार्यालय विभागों द्वारा प्रस्तुति

14.1.1 बोर्ड ने **वित्तीय समावेशन और विकास विभाग** के कार्यपालक निदेशक की प्रस्तुति पर विचार-विमर्श किया। ग्राहकों का पुनः-केवाईसी (री-केवाईसी) को विशेष रूप से झारखंड जैसे क्षेत्रों में अंतिम छोड़ तक पहुँच की समस्याओं के बारे में एक निदेशक द्वारा की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए लागू किए जा रहे विभिन्न उपायों जैसे बीसी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) नेटवर्क का लाभ उठाने के लिए हाल ही में जारी किए गए विनियमन के बारे में बताया गया।

14.1.2 सरकारी निदेशक ने सुझाव दिया कि वित्तीय समावेशन सूचकांक के अलावा, विश्व बैंक के ग्लोबल फ़िनडेक्स डेटाबेस का उपयोग स्वयं को बेंचमार्क करने और आवश्यकतानुसार क्षेत्र-विशिष्ट रणनीतियों सहित एक रोडमैप तैयार करने के लिए किया जा सकता है।

14.1.3 एक अन्य सरकारी निदेशक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र दिशानिर्देशों को संशोधित करने के लिए बैंक को बधाई दी, जो अधिक प्रगतिशील और दूरदर्शी हैं। उन्होंने वित्तीय समावेशन योजनाओं और पुनः-केवाईसी को समृद्ध बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में सक्रिय भागीदारी के लिए गवर्नर और बैंक को भी धन्यवाद दिया।

14.1.4 एक अन्य निदेशक ने वित्तीय समावेशन में बैंकिंग प्रतिनिधियों (बीसी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, बड़ी संख्या में निष्क्रिय बैंकिंग प्रतिनिधियों (बीसी) का उल्लेख किया और उनके लिए बेहतर प्रोत्साहन की मांग की।

14.1.5 एक अन्य निदेशक ने बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता बताई। इस संबंध में, एक सरकारी निदेशक ने बोर्ड को बैंकों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया के साथ-साथ पुनः-केवाईसी (री-केवाईसी) प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु एक सरल और मानकीकृत खाता खोलने के फॉर्म को संशोधित करने और डिजाइन करने के लिए आईबीए के साथ अपने विचार-विमर्श से अवगत कराया। इस संबंध में, बोर्ड को आरबीआई द्वारा

उठाए गए उपायों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें उन खातों के लिए जून 2026 तक का अतिरिक्त समय दिया गया है जहाँ पहले से ही पुनः-केवाईसी (री-केवाईसी) देय है।

14.1.6 एक अन्य निदेशक ने वित्तीय समावेशन संबंधी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

14.1.7 बोर्ड ने वित्तीय समावेशन पहलों के प्रभाव का यथार्थवादी आकलन करने और वित्तीय समावेशन सूचकांक बनाने वाले संकेतकों/मापदंडों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया।

14.1.8 अध्यक्ष ने सदस्यों को उनके सुझावों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बैंक की वित्तीय समावेशन रणनीतियों को और बेहतर बनाने में इन सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा।

14.1.9 प्रस्तुति को अभिलिखित किया गया।

14.2.1 **विदेशी मुद्रा विभाग** के कार्यपालक निदेशक की प्रस्तुति पर बोर्ड द्वारा विचार-विमर्श किया गया।

14.2.2 एक निदेशक ने विदेश में निगमित संस्थाओं द्वारा स्थानीय कानूनों/विनियमों के पालन से संबंधित मुद्दों और इस संबंध में नियमों को व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बोर्ड ने व्यापार को सुगम बनाने में गिफ्ट सिटी की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया।

14.2.3 प्रस्तुति को अभिलिखित किया गया।

14.3.1 **आंतरिक ऋण प्रबंध विभाग** के कार्यपालक निदेशक की प्रस्तुति पर बोर्ड द्वारा विचार-विमर्श किया गया।

14.3.2 बोर्ड ने कुछ राज्य सरकारों द्वारा बजट से इतर वित्तपोषण से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

14.3.3 प्रस्तुति को अभिलिखित किया गया।

14.4 **उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

14.5 **कॉर्पोरेट कार्यनीति और बजट विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

14.6 **संचार विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

14.7 **बाह्य निवेश और परिचालन विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

14.8 **आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

14.9 **सरकारी और बैंक लेखा विभाग** के कार्यपालक निदेशक के प्रस्तुति को स्थगित कर दिया गया।

**15. दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

15.1 बोर्ड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के 25 जुलाई 2025 के ज्ञापन पर विचार किया।

15.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

संकल्प पारित किया गया

कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के 25 जुलाई 2025 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

**16. अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

16.1 बोर्ड ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के 11 अगस्त 2025 के ज्ञापन पर विचार किया।

16.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि वर्ष 2024-2025 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की 57वीं वार्षिक रिपोर्ट पर 11 अगस्त 2025 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

**17. अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की पचासवीं वार्षिक रिपोर्ट**

17.1 बोर्ड ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की पचासवीं वार्षिक रिपोर्ट संबंधी मुख्य सतर्कता अधिकारी के 30 जुलाई 2025 के ज्ञापन पर विचार किया।

17.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी की वार्षिक रिपोर्ट को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

**18. दिनांक 04 जून 2025 को संपन्न केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 190वीं बैठक का कार्यवृत्त**

18.1 दिनांक 04 जून 2025 को संपन्न केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 190वीं बैठक का कार्यवृत्त केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

18.2 बोर्ड ने इसपर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि दिनांक 04 जून 2025 को संपन्न केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 190वीं बैठक के कार्यवृत्त को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

**19. केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान – 31 अक्तूबर 2025 को उदयपुर में**

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक 31 अक्तूबर 2025 को उदयपुर में आयोजित की जाए।

**20. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय**

20.1 बोर्ड ने 8 अक्तूबर 2025 को पदमुक्त हो रहे और अपनी अंतिम केंद्रीय बोर्ड बैठक में भाग ले रहे उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव, द्वारा बोर्ड के विचार-विमर्श में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। बोर्ड ने उनकी सफलता और प्रसन्नता की कामना की।

20.2 बोर्ड ने डॉ. राजीव रंजन, कार्यपालक निदेशक द्वारा बोर्ड के विचार-विमर्श में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की, जो 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे थे, और अपनी अंतिम केंद्रीय बोर्ड बैठक में भाग ले रहे थे। बोर्ड ने उनके लिए सफलता और प्रसन्नता की कामना की।

**सूचना मद**

**(i) वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओम्बड्समैन योजना की वार्षिक रिपोर्ट**

(ए) "वार्षिक रिपोर्ट – रिज़र्व बैंक – एकीकृत ओम्बड्समैन योजना (2024-25)" पर सूचना मद को **अभिलिखित** किया गया।

**(ii) केंद्रीय बोर्ड के निदेशों का अनुपालन**

(ए) सूचना मद को **अभिलिखित** किया गया।

(बी) 'भारत में अवसंरचना क्षेत्र के वित्तपोषण संबंधी मुद्दों' पर आरबीआई अंतर-विभागीय समूह की रिपोर्ट के संबंध में, निदेशकों ने उल्लेख किया कि अगली केंद्रीय बोर्ड बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की जा सकती है और इस बीच, बैंक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय से विमर्श कर सकता है और कार्यान्वयन हेतु बैंक से संबंधित सिफारिशों की आंतरिक रूप से जाँच कर सकता है।

**(iii) अप्रैल 2024 - मार्च 2025 की अवधि के दौरान स्थानीय बोर्डों/केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट**

(ए) सूचना मद को **अभिलिखित** किया गया।

**(iv) भुवनेश्वर में नए ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर और एंटरप्राइज़ कंप्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान परियोजनाएं: स्थिति नोट**

(ए) नोट में दी गई विस्तृत जानकारी की सराहना करते हुए, एक निदेशक ने सुझाव दिया कि भविष्य में, स्थिति नोट में भेद्यता परीक्षण, उपकरणों की खरीद में हुई प्रगति और डेटा सेंटर एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्टाफिंग सहित डेटा माइग्रेशन योजनाओं को भी शामिल किया जा सकता है। सूचना मद को **अभिलिखित** किया गया।

**दिनांक: 31 अक्तूबर 2025**

अनुलग्नक I

## केंद्रीय बोर्ड की 618वीं बैठक
## शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 को लखनऊ में
## कार्यसूची

| कार्यसूची सं. | कार्यसूची मद | विभाग |
|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय बोर्ड की 23 मई 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करना | सचिव |
| 2. | केंद्रीय बोर्ड की 06 जून 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करना | सचिव |
| 3. | निदेशकों को अनुपस्थिति की अनुमति | सचिव |
| 4. | भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक श्री अजय सेठ की सेवाओं की सराहना | सचिव |
| 5. | केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना | सचिव |
| 6. | दिनांक 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह का भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण | डीजीबीए |
| 7. | साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (डबल्यूएफ़सीआर) | डीईपीआर |
| 8. | धारा 45जेडबी(2)(सी) के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति में कार्यपालक निदेशक श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य का नामांकन | एमपीडी |
| 9. | केंद्रीय बोर्ड की लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंध उप-समिति (एआरएमएस) के चार्टर की समीक्षा | निरीक्षण |

| कार्यसूची सं. | कार्यसूची मद | विभाग |
|---|---|---|
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 11. | भुगतान विनियामक बोर्ड का गठन - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 3 (3) (सी) के तहत नामांकन | डीपीएसएस |
| 12. | अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विभिन्न केंद्रीय कार्यालय विभागों द्वारा प्रस्तुति:<br>i. एफ़आईडीडी<br>ii. एफ़ईडी<br>iii. आईडीएमडी<br>iv. सीईपीडी<br>v. सीएसबीडी<br>vi. डीओसी<br>vii. डीईआईओ<br>viii. डीईपीआर<br>ix. डीजीबीए | एफ़आईडीडी<br>एफ़ईडी<br>आईडीएमडी<br>सीईपीडी<br>सीएसबीडी<br>डीओसी<br>डीईआईओ<br>डीईपीआर<br>डीजीबीए |
| 13. | दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीओएस |
| 14. | अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट | आरबीआईएसबी |
| 15. | अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की पचासवीं वार्षिक रिपोर्ट | सीवीसी |
| 16. | दिनांक 04 जून 2025 को संपन्न केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 190वीं बैठक का कार्यवृत्त | राजभाषा |
| 17. | केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान – 31 अक्तूबर 2025 को उदयपुर में | सचिव |

| कार्यसूची सं. | कार्यसूची मद | विभाग |
|---|---|---|
| 18. | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय | सचिव |
| **सूचना मद** | | |
| i. | वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओम्बड्समैन योजना की वार्षिक रिपोर्ट | सीईपीडी |
| ii. | केंद्रीय बोर्ड के निदेशों का अनुपालन | सचिव |
| iii. | अप्रैल 2024 - मार्च 2025 की अवधि के दौरान स्थानीय बोर्डों/केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट | सचिव |
| iv. | भुवनेश्वर में नए ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर और एंटरप्राइज़ कंप्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान परियोजनाएं: स्थिति नोट | डीआईटी |

अनुलग्नक – II

## केंद्रीय बोर्ड की 618वीं बैठक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 को लखनऊ में

### कार्य बिंदु

**सूचना मद सं. (ii) : केंद्रीय बोर्ड के निदेशों का अनुपालन**

1. केंद्रीय बोर्ड की अगली बैठक में 'भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के वित्तपोषण में समस्याएं' पर आरबीआई की अंतर-विभागीय समूह की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की जा सकती है और अंतरिम रूप से, बैंक वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय के विमर्श कर सकता है और कार्यान्वयन के लिए बैंक से संबंधित सिफारिशों की आंतरिक जांच कर सकता है।

**(कार्रवाई: डीओएस)**

**सूचना मद सं. (iv) : भुवनेश्वर में नए ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर और एंटरप्राइज़ कंप्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान परियोजनाएं: स्थिति नोट**

2. भविष्य में स्थिति नोट में भेद्यता परीक्षण, उपकरणों की खरीद में हुई प्रगति और डेटा सेंटर एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्टाफिंग सहित डेटा माइग्रेशन योजनाओं को भी शामिल किया जाए।

**(कार्रवाई: डीआईटी)**

**Minutes of the Six Hundred and Eighteenth (618th) Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India held on August 22, 2025 at Lucknow**

**PRESENT**

**Governor**

Sanjay Malhotra: Chairman

**Deputy Governors**

M. Rajeshwar Rao — T. Rabi Sankar
Swaminathan J. — Poonam Gupta

**Directors**

Nagaraju Maddirala — Anuradha Thakur
Satish K. Marathe — Revathy Iyer
Sachin Chaturvedi — Anand Gopal Mahindra
Pankaj Ramanbhai Patel — Ravindra H. Dholakia

**Present by Invitation - Executive Directors**

Vivek Deep — Rohit Jain
Radha Shyam Ratho — Ajay Kumar
Rajiv Ranjan — Neeraj Nigam
P. Vasudevan — R. Lakshmi Kanth Rao
Arnab Kumar Chowdhury — Charulatha S. Kar
Aviral Jain — A.R. Joshi
Indranil Bhattacharyya — R. Kesavan
Sudha Balakrishnan

**In Attendance**

Y. Jayakumar, CGM & Secretary

**Minutes of the Six Hundred and Eighteenth (618th) Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India held on August 22, 2025 at Lucknow**

Governor welcomed the participants to the meeting and extended a special welcome to Ms. Anuradha Thakur, Secretary, Department of Economic Affairs, who was attending her first meeting of the Central Board after her nomination as Director on the Central Board with effect from July 24, 2025. Governor also extended a special welcome to Shri R. Kesavan, Executive Director, who was attending his first meeting upon elevation as Executive Director.

2. The Agenda for the meeting was taken up, thereafter.

(i) The agenda of the meeting is at Annex-I.

(ii) Action points that emerged from the meeting are at Annex-II.

**3. Minutes of the meeting of the Central Board held on May 23, 2025**

3.1 The minutes of the meeting of the Central Board held on May 23, 2025 were approved by the Central Board and recorded.

3.2 The Chairman signed the minutes.

**4. Minutes of the meeting of the Central Board held on June 06, 2025**

4.1 The minutes of the meeting of the Central Board held on June 06, 2025 were approved by the Central Board and recorded.

4.2 The Chairman signed the minutes.

**5. Grant of leave of absence to Directors**

5.1 The Board considered the request for leave of absence from Central Board Directors, Shri S. Gurumurthy and Shri Venu Srinivasan and granted the same.

**6. Appreciation of the services of Shri Ajay Seth, former Central Board Director of Reserve Bank of India**

6.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 20, 2025 on Appreciation of the services of Shri Ajay Seth, former Central Board Director of Reserve Bank of India.

6.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Central Board places on record its profound appreciation for the valuable services rendered by Shri Ajay Seth, during his tenure as a Director of the Central Board of Reserve Bank of India from April 24, 2021 to July 23, 2025.

Shri Seth enriched the discussions in the Board with his extensive expertise in diverse areas such as public finance, macroeconomic management, external sector stability, taxation and international economic relations.

The Central Board of Directors immensely benefited from Shri Seth's vast experience in the Government and the valuable insights he brought to bear on some of the complex issues. The Board extends its best wishes for his continued success in all future endeavours, including the new role as Chairperson of Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDAI). The Board also wishes him good health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that, the Secretary may convey the above Board resolution to the former Director.

**7. Submission of Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board**

7.1 Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board held between May 07, 2025 and August 06, 2025 already circulated among the Directors, were submitted to the Central Board and recorded.

**8. Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended August 15, 2025**

8.1 The weekly accounts of the Bank for the week ended August 15, 2025 were submitted to the Central Board.

8.2 The Board approved the accounts.

**9. Weekly Financial and Commercial Report (WFCR)**

9.1 The Board assessed the emerging global and domestic economic landscape, including the geopolitical and financial market developments and associated challenges, including risks to the outlook, as reflected in the Weekly Financial and Commercial Report (WFCR). The Board deliberated on the impact of the recent sovereign credit rating upgrade and the announcement relating to GST rationalization, on the domestic economy and the financial markets. The Board deliberated on the potential impact of the US's recent tariff measures on India's exports, inflation, employment, etc., and the challenges and opportunities they pose to policy makers. The Board also deliberated on the internationalisation of rupee as also internationalisation of UPI in this regard.

9.2 The Report was recorded.

**10. Nomination of Shri Indranil Bhattacharyya, Executive Director on Monetary Policy Committee under Section 45ZB(2)(c)**

10.1 The Board considered the Deputy Governor's Memorandum dated August 13, 2025 on Nomination of Shri Indranil Bhattacharyya, Executive Director on the Monetary Policy Committee under Section 45ZB(2)(c). Shri Indranil Bhattacharyya recused himself from the discussions on this agenda item.

10.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Deputy Governor's Memorandum dated August 13, 2025 on nomination of Shri Indranil Bhattacharyya, Executive Director on the Monetary Policy Committee as an *ex officio* member under clause (c) of Section 45ZB (2) of the Reserve Bank of India Act, 1934 be and is hereby noted, and the proposals contained therein are approved.

**11. Review of the Charter of the Audit and Risk Management Sub-Committee (ARMS) of the Central Board**

11.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 14, 2025 on Review of the Charter of the Audit and Risk Management Sub-Committee (ARMS) of the Central Board.

11.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the proposal relating to the revised Charter of the Audit and Risk Management Sub-Committee (ARMS) of the Central Board be and is hereby approved.

[redacted]

## 13. Constitution of the Payments Regulatory Board – Nomination under Section 3 (3) (c) of Payment and Settlement Systems Act, 2007

13.1 The Board considered the Deputy Governor's Memorandum dated August 6, 2025 on Constitution of the Payments Regulatory Board – Nomination under Section 3 (3) (c) of Payment and Settlement Systems Act, 2007. Shri Vivek Deep, Executive Director in-charge of Department of Payment and Settlement Systems (DPSS) recused himself from the discussions on this agenda item.

13.2 The Board considered the proposal to nominate the Executive Director in-charge of DPSS as the ex-officio Member of the Payments Regulatory Board and passed the following resolution:

**Resolved**

that the Memorandum dated August 6, 2025 submitted by the Deputy Governor on the 'Constitution of the Payments Regulatory Board - Nomination under Section 3 (3) (c) of the Payment and Settlement Systems Act, 2007' be, and is hereby approved.

## 14. Presentation by various Central Office Departments on the activities from April 2024 to March 2025 and future action plan

14.1.1 Executive Director's presentation of **Financial Inclusion and Development Department** was deliberated by the Board. Responding to an observation made by a Director about the last mile issues in the re-KYC of customers, especially in areas such as Jharkhand, various measures being put in place, including the recently issued regulation for leveraging the BC (Banking Correspondent) network, was explained.

14.1.2 A Government Director suggested that apart from the Financial Inclusion Index, World Bank's Global Findex Database may be used for benchmarking ourselves and also for laying a road map, including sector specific strategies, where needed.

14.1.3 Another Government Director congratulated the Bank for revising the Priority Sector Guidelines which are more progressive and forward-looking. He also thanked the Governor and the Bank, for their active involvement in the camps being held, to saturate the financial inclusion schemes and re-KYC.

14.1.4 Another Director while flagging the importance of BCs in financial inclusion, mentioned about large number of inactive BCs and called for better incentives for them.

14.1.5 Another Director cited the need for simplifying the process for opening of bank accounts. In this regard, a Government Director briefed the Board on their deliberations with IBA for revising and designing a simple and standardised account opening form for the banks for streamlining the account opening process as well as the re-KYC process. In this regard, the Board was briefed about the measures taken by RBI including extended time given till June 2026 for accounts where re-KYC is already due.

14.1.6 Another Director underlined the need for sharpening the focus of the financial inclusion related activities.

14.1.7 The Board also deliberated on the need to have realistic assessment of the impact of Financial Inclusion initiatives and a review of the indicators/parameters which constitute the Financial Inclusion Index.

14.1.8 Chairman thanked the members for their suggestions and mentioned that the same would be factored in further improving the Bank's Financial Inclusion strategies.

14.1.9 The presentation was taken on record.

14.2.1 Executive Director's presentation of **Foreign Exchange Department** was deliberated by the Board.

14.2.2 A Director highlighted issues relating to adherence to local laws/regulations by entities incorporated abroad and the need to

finetune and strengthen the regulations in this regard. The Board also deliberated on the role of Gift City in facilitating trade.

14.2.3 The presentation was taken on record.

14.3.1 Executive Director's presentation of **Internal Debt Management Department** was deliberated by the Board.

14.3.2 The Board deliberated on issues relating to off-budget financing by some State Governments.

14.3.3 The presentation was taken on record.

14.4 Executive Director's presentation of **Consumer Education and Protection Department** was **deferred**.

14.5 Executive Director's presentation of **Corporate Strategy and Budget Department** was **deferred**.

14.6 Executive Director's presentation of **Department of Communication** was **deferred**.

14.7 Executive Director's presentation of **Department of External Investments and Operations** was **deferred**.

14.8 Executive Director's presentation of **Department of Economic and Policy Research** was **deferred**.

14.9 Executive Director's presentation of **Department of Government and Bank Accounts** was **deferred**.

**15. Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the year ended March 31, 2025**

15.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated July 25, 2025 on Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the year ended March 31, 2025.

15.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Executive Director's Memorandum dated July 25, 2025, on the Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the year ended March 31, 2025, be and is hereby recorded.

**16. Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2024 to March 2025**

16.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 11, 2025 on Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2024 to March 2025.

16.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Memorandum dated August 11, 2025 regarding the 57th Annual Report of the Reserve Bank of India Services Board for the year 2024-2025, be and is hereby recorded.

**17. Fiftieth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period April 2024 to March 2025**

17.1 The Board considered the Chief Vigilance Officer's Memorandum dated July 30, 2025 on Fiftieth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period April 2024 to March 2025.

17.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Annual Report of the Chief Vigilance Officer for the period April 2024 to March 2025 be, and is hereby, taken on record.

**18. Minutes of 190th Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on June 04, 2025**

18.1 Minutes of 190th Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on June 04, 2025 were submitted to the Central Board.

18.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the Minutes of 190th Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on June 04, 2025 be, and are hereby, recorded.

**19. Date and place of next Meeting of the Central Board – October 31, 2025 at Udaipur**

**Resolved**

that the next Central Board Meeting will be held on October 31, 2025 at Udaipur.

**20. Any other business with the permission of the Chair**

20.1 The Board appreciated the significant contributions made to the Board deliberations by Shri M. Rajeshwar Rao, Deputy Governor, who would be demitting office on October 08, 2025, and was attending his last Central Board Meeting. The Board wished him all success and happiness.

20.2 The Board appreciated the significant contributions made to the Board deliberations by Dr. Rajiv Ranjan, Executive Director, who was to superannuate on September 30, 2025, and was attending his last Central Board Meeting. The Board wished him all success and happiness.

**Information Item**

**(i) Annual Report of the Ombudsman Scheme for F.Y. 2024-25**

(a) The information item on "Annual Report – Reserve Bank – Integrated Ombudsman Scheme (2024-25)" was **Recorded**.

**(ii) Compliance to the Directions of the Central Board**

(a) The information item was **Recorded**.

(b) As regards the RBI Inter-Departmental Group Report on 'Issues in Financing of Infrastructure Sector in India', the Directors mentioned that a detailed discussion may be taken up in the next Central Board meeting and in the interim, the Bank could obtain the views of Department of Financial Services, Ministry of Finance and Department of Economic Affairs, Ministry of Finance and internally examine the recommendations relating to the Bank, for implementation.

**(iii) Annual Report on functioning of the Local Boards/Standing Committee of the Central Board during the period April 2024 - March 2025**

(a) The information item was **Recorded**.

**(iv) New Greenfield Data Centre & Enterprise Computing and Cybersecurity Training Institute Projects, Bhubaneswar: Status Note**

(a) Appreciating the detailed information given in the note, a Director suggested that, going forward, the status note may also incorporate the data migration plans including conduct of vulnerability testing, progress made in procuring equipment and the staffing of the Data Centre and the Training Institute. The information item was **Recorded**.

**Dated the October 31, 2025**

**Annex I**

**618th Central Board Meeting**
**Friday, August 22, 2025 at Lucknow**
**Agenda**

| Agenda No. | Agenda Item | Department |
|---|---|---|
| 1. | Signing of Minutes of the meeting of the Central Board held on May 23, 2025 | Secretary's |
| 2. | Signing of Minutes of the meeting of the Central Board held on June 6, 2025 | Secretary's |
| 3. | Grant of leave of absence to Directors | Secretary's |
| 4. | Appreciation of the services of Shri Ajay Seth, former Central Board Director of Reserve Bank of India | Secretary's |
| 5. | Submission of Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board | Secretary's |
| 6. | Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended August 15, 2025 | DGBA |
| 7. | Weekly Financial and Commercial Report (WFCR) | DEPR |
| 8. | Nomination of Shri Indranil Bhattacharyya, Executive Director on Monetary Policy Committee under Section 45ZB(2)(c) | MPD |
| 9. | Review of the Charter of the Audit and Risk Management Sub-Committee (ARMS) of the Central Board | Inspection |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 11. | Constitution of the Payments Regulatory Board – Nomination under Section 3 (3) (c) of the Payment and Settlement Systems Act, 2007 | DPSS |

| Agenda No. | Agenda Item | Department |
|---|---|---|
| 12. | Presentation by various Central Office Departments on the activities from April 2024 to March 2025 and future action plan:<br>i. FIDD<br>ii. FED<br>iii. IDMD<br>iv. CEPD<br>v. CSBD<br>vi. DoC<br>vii. DEIO<br>viii. DEPR<br>ix. DGBA | FIDD<br>FED<br>IDMD<br>CEPD<br>CSBD<br>DoC<br>DEIO<br>DEPR<br>DGBA |
| 13. | Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the year ended March 31, 2025 | DoS |
| 14. | Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2024 to March 2025 | RBISB |
| 15. | Fiftieth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period April 2024 to March 2025 | CVC |
| 16. | Minutes of 190th Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on June 04, 2025 | Rajbhasha |
| 17. | Date and place of next Meeting of the Central Board – October 31, 2025 at Udaipur | Secretary's |
| 18. | Any other business with the permission of the Chair | Secretary's |
| **Information Item** | | |
| i. | Annual Report of the Ombudsman Scheme for F.Y. 2024-25 | CEPD |
| ii. | Compliance to the Directions of the Central Board | Secretary's |
| iii. | Annual Report on functioning of the Local Boards / Standing Committee of the Central Board during the period April 2024 - March 2025 | Secretary's |
| iv. | New Greenfield Data Centre & Enterprise Computing and Cybersecurity Training Institute Projects, Bhubaneswar: Status Note | DIT |

**Annex II**

**618th Central Board Meeting: Friday, August 22, 2025 at Lucknow**

**Action Points**

**Information Item No (ii): Compliance to the Directions of the Central Board**

1. A detailed discussion may be taken up in the next Central Board meeting on the RBI's Inter-Departmental Group Report on 'Issues in Financing of Infrastructure Sector in India' and in the interim, the Bank could obtain the views of Department of Financial Services, Ministry of Finance and Department of Economic Affairs, Ministry of Finance and internally examine the recommendations relating to the Bank, for implementation.

**(Action: DoS)**

**Information Item No (iv): New Greenfield Data Centre & Enterprise Computing and Cybersecurity Training Institute Projects, Bhubaneswar: Status Note**

2. Going forward, the status note may also incorporate the data migration plans including conduct of vulnerability testing, progress made in procuring equipment and the staffing of the Data Centre and the Training Institute.

**(Action: DIT)**